(d) Sufficient capacity already exists in the area of Rural Automatic Exchanges required for providing Rural Telecom. Exports of Rural Automatic Exchanges has also started and is expected to grow since the production capacity of these exchanges is much more than the requirements of the Department.

नयी टेलीफोन निर्देशिका के प्रकाशन के मानदण्ड

2506. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में नई टेलीफोन निर्देशिका प्रकाशित करने के लिए क्या मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि नई टेलीफोन निर्देशिका के प्रकाशन में सदैव विलम्ब होता है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) उन शहरों के नाम क्या हैं जहां नई टेलीफोन निर्देशिका दो वर्ष से भी अधिक समय से प्रकाशित नहीं हुई है; और

(ङ) नई टेलीफोन निर्देशिका को कब तक प्रकाशित किए जाने की सम्भावना है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) अंग्रेजी में टेलीफोन निर्देशिकाएं सेंकेण्डरी स्विचन क्षेत्रवार वर्ष में एक बार प्रकाशित की जाती हैं । उचित मांग होने पर इनका प्रकाशन हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में भी किया जाता है लेकिन यह मांग टेलीफोन निर्देशिकाओं की कुल आवश्यकता का लगभग 15% होनी चाहिए ।

(ख) और (ग) जी नहीं । तथापि बहुत थोड़े से मामले में निविदाओं को अंतिम रूप देने और ठेका प्रदान करने में हुए विलम्ब तथा ठेकेदारों द्वारा समय पर आपूर्ति न करने के कारण टेलीफोन निर्देशिकाओं के प्रकाशन में विम्लब हुआ है ।

(घ) अपेक्षित जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ङ) टेलीफोन निर्देशिकाओं के समय पर प्रकाशन हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

मध्य प्रदेश मंडल में शाखा-डाकघर

2507. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश मंडल के अन्तर्गत इस समय कितने शाखा डाकघर कार्य कर रहे हैं; और

(ख) राज्य में नये शाखा डाकघर खोलने हेतु कितने आवेदन विचाराधीन हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) मध्य प्रदेश में इस समय कार्यरत शाखा डाकघरों की संख्या 9629 है ।

(ख) मध्य-प्रदेश में नए शाखा डाकघर खोलने के संबंध में विचाराधीन आवेदनों की संख्या 29 है ?

संसद सदस्यों की सिफारिश पर दिए गए टेलीफोन कनेक्शनों के मामले में कदाचार

2508. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संसद सदस्यों की सिफारिश पर टेलीफोन कनेक्शन जारी किए जाने